मध्यप्रदेश शासन
सामान्य प्रशासन विभाग
मंत्रालय

क्रमांक एफ 7–13/2004/आ.प्र./एक भोपाल, दिनांक 11 जुलाई, 2005

प्रति,

शासन के समस्त विभाग,
अध्यक्ष, राजस्व मण्डल, ग्वालियर,
समस्त संभागीय आयुक्त,
समस्त कलेक्टर,
समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत,
मध्यप्रदेश.

विषय :– अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़े वर्गों के व्यक्तियों को जाति प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया।

संदर्भ :– (1) सामान्य प्रशासन विभाग का परिपत्र क्रमांक एफ 7–2/96/आ.प्र/एक दिनांक 1 अगस्त, 1996.
(2) सामान्य प्रशासन विभाग का परिपत्र क्रमांक एफ 7–2/96/आ.प्र/एक दिनांक 12 मार्च, 1997.

————————

1. अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़े वर्गों के व्यक्तियों को निम्नांकित कार्यों के लिये जाति प्रमाण पत्र की आवश्यकता होती है:–

(1) **शैक्षणिक सुविधाओं के लिये** – राज्य शासन द्वारा देय शिष्यवृत्ति/छात्रवृत्ति प्राप्त करने, भारत सरकार द्वारा प्रदत्त पोस्ट मेट्रिक छात्रवृत्ति, तकनीकी पाठ्यक्रमों में प्रवेश/प्रवेश परीक्षाओं में सम्मिलित होने, शिक्षण तथा अन्य शुल्क की छूट और पाठ्य सामग्री प्राप्त करने आदि ।

(2) **शासकीय सेवा तथा अन्य लाभ लेने के लिये** – लोक सेवा एवं पदों में आरक्षण का लाभ, आरक्षित सीटों पर निर्वाचन तथा शासन द्वारा देय अन्य सुविधाओं का लाभ प्राप्त करने आदि।

2. इस विभाग के परिपत्र क्रमांक एफ 7–2/96/आ.प्र./एक, दिनांक 1 अगस्त, 1996 द्वारा अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति एवं परिपत्र दिनांक 12 मार्च, 1997 द्वारा अन्य पिछड़े वर्गों के व्यक्तियों को जाति प्रमाण पत्र जारी करने संबंधी विस्तृत दिशा निर्देश प्रसारित किये गये हैं। राज्य शासन के ध्यान में लाया गया है कि वर्तमान निर्धारित प्रक्रिया के तहत जाति प्रमाण पत्र प्राप्त करने में कठिनाईयॉ आ रही हैं। उपरोक्त परिपत्रों में निर्धारित नीति के अंतर्गत ही अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़े वर्गों के व्यक्तियों को जाति प्रमाण पत्र सुगमता से प्राप्त हो सके, इस दृष्टि से राज्य शासन निम्नानुसार सरलीकृत प्रक्रिया निर्धारित करता है :–

(क) छात्र–छात्राओं के लिये जाति प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया (कक्षा–1 से 8 तक)

क0	चरणबद्ध प्रकिया	अधिकतम निर्धारित तिथि
1.	जिला संयोजक/सहायक आयुक्त, आदिम जाति कल्याण विभाग का यह दायित्व होगा कि जाति प्रमाण पत्र के फार्म शिक्षा सत्र प्रारम्भ होने के 15 दिवस के अंदर अपने मण्डल संयोजकों के माध्यम से विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी के कार्यालयों में उपलब्ध कराएंगे।	प्रतिवर्ष **15 जुलाई** तक.
2.	विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी के कार्यालय से यह आवेदन पत्र आवश्यकतानुसार स्कूलों के प्राचार्य/प्रधानाध्यापक/अधिकृत शिक्षक को प्रदाय किये जाएंगे।	———
3.	प्राचार्य/प्रधानाध्यापक द्वारा प्रतिवर्ष अपने विद्यालय में प्रवेश लेने वाले अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/ अन्य पिछड़ा वर्ग के छात्र–छात्राओं को जाति प्रमाण पत्र के आवेदन पत्र तथा शपथ पत्र का प्रारूप वितरित किये जाएंगे।	**30 जुलाई** तक
4.	जिन छात्र–छात्राओं के आवेदन पत्र 15 दिवस के अंदर वापिस प्राप्त नहीं होते हैं, उनके पालक/अभिभावकों को स्कूलों में ही बुलवा जाएगा। प्राचार्य/प्रधानाध्यापक/शिक्षक आवेदन पत्र तथा शपथ पत्र की समक्ष में पूर्ति करवाएंगे/करेंगे और समक्ष में हस्ताक्षर करवा कर **वापिस** प्राप्त किये जायेंगे।	**20 अगस्त** तक
5.	शपथ पत्र का निर्धारित प्रारूप आवेदन पत्र के साथ ही वितरित किया जाएगा। उसकी पूर्ति कर आवेदन पत्र के साथ ही जमा करना होगा। इस पर नोटरी की सील आदि न होकर वह एक घोषणा पत्र के रूप में होगा। नायब तहसीलदार/तहसीलदार अपने स्तर पर कार्यवाही करते समय इसे अभिप्रमाणित करेंगे और आवश्यकता होने पर नोटरी से नोटराइज भी करा सकेंगे। इसका आवेदक से कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा।	———————
6.	प्राचार्य/प्रधानाध्यापक/शिक्षक प्राथमिक परीक्षण कर जाति का सत्यापन करेंगे और कॉउन्टर हस्ताक्षर के साथ आवेदन पत्र संबंधित राजस्व अधिकारी तहसीलदार/नायब तहसीलदार को प्रस्तुत करेंगे। यदि प्राथमिक जॉच में किसी आवेदक को संबंधित जाति का प्रमाण पत्र प्राप्त करने के अयोग्य पाया जाता है तो स्पष्ट टीप अंकित कर दी जाए किन्तु किसी भी स्थिति में आवेदन पत्र निरस्तीकरण की सूचना अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)/अधिकृत उप जिलाध्यक्ष द्वारा ही जारी की जाएगी।	**30 अगस्त** तक
7.	अशासकीय स्कूलों में प्रवेश लेने वाले अनुसूचित जाति, जनजाति तथा अन्य पिछड़े वर्गों के छात्र–छात्राओं के जाति प्रमाण–पत्र बनाने के लिये यही प्रक्रिया होगी, किन्तु राजस्व अधिकारियों द्वारा छानबीन हेतु लगाये जाने वाले कैम्पों में अपने संकूल के स्कूलों में आवेदकों को उपस्थित	

	होना होगा।	
8.	तहसीलदार/नायब तहसीलदार के कार्यालय में उक्त आवेदन प्राप्त होने पर उसे रजिस्ट्रर में दर्ज किये जाएंगे। तत्पश्चात् स्थाई जाति प्रमाण पत्र जारी करने हेतु आवेदन पत्र की नायब तहसीलदार/तहसीलदार द्वारा आवश्यक छानबीन प्रारम्भ की जाएगी। **इस हेतु ग्राम पंचायतों तथा नगर पंचायत/नगर पालिका/निगम वार्डवार स्कूलों में कैम्प लगाये जाएं।** कैम्प की तिथि के साथ संबंधित ग्राम पंचायत/नगर पंचायत/नगरपालिका/वार्ड के आवेदकों की सूची सरपंच/पार्षदों, संबंधित पटवारी एवं मण्डल संयोजक, आदिम जाति कल्याण विभाग को देते हुये कैम्प में रिकार्ड सहित उपस्थित रहने हेतु निर्देशित किया जांए।	
9.	उक्त जॉच प्रक्रिया तथा स्थाई जाति प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया के दौरान जाति प्रमाण पत्र के अभाव में छात्र–छात्राओं को उन्हें मिलने वाली सुविधा से वंचित नहीं किया जाए। बल्कि जिन छात्र–छात्राओं के आवेदन पत्र स्थाई जाति प्रमाण पत्र के लिये अग्रेषित किये गये हैं, उन्हें **सरपंच/पार्षद** द्वारा दिये गये जाति प्रमाण पत्रों के आधार पर सुविधाएं प्रदान की जाए। **यह सुविधा सिर्फ कक्षा–1 से 8 तक प्रवेश लेने वाले छात्र–छात्राओं के लिये ही लागू होगी। साथ ही उस प्रथम वर्ष के लिये होगी जिस वर्ष जाति प्रमाण पत्र के लिये आवेदन पत्र अग्रेषित किया गया है।**	
10.	आवेदकों की जाति तथा निवास अवधि के संबंध में रिकार्ड का परीक्षण कर आवेदक, सरपंच/पार्षद एवं अन्य व्यक्तियों के मौके पर ही साक्ष्य लेकर अपनी अनुशंसा/रिपोर्ट के साथ प्रकरण/आवेदन पत्र संबंधित अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को प्रस्तुत किये जाएंगे।	**30 नवम्बर तक**
11.	अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय में प्राप्त सभी आवेदन पत्र स्थाई जाति प्रमाण पत्र जारी करने के लिये पंजीयन किये जाकर कार्यवाही प्रारम्भ की जायेगी।	
12.	अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं कलेक्टर द्वारा अधिकृत उप जिलाध्यक्षों द्वारा **स्थाई (लेमिनेटेड) जाति प्रमाण पत्र जारी कर** संबंधित तहसील कार्यालय को भेजे जाएंगे। तहसील कार्यालय से प्राचार्य/प्रधानाध्यापक के माध्यम से **स्कूलों में** ही आवेदकों को प्रदाय किये जाएंगे।	**31 दिसम्बर तक**
13.	यदि राजस्व अधिकारी किसी आवेदक से अतिरिक्त पूछताछ की आवश्यकता समझते हैं, तो वे संबंधित आवेदक को लिखित सूचना से कार्यालय में बुलाकर पूछताछ कर सकते हैं। किन्तु किसी भी स्थिति में आवेदक को एक बार से अधिक न बुलाया जाए।	
14.	जॉच उपरान्त यदि कोई आवेदक जाति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये पात्र नहीं पाया जाता है तो उनका आवेदन पत्र कारण दर्शाते हुये निरस्त किया जाए। इसकी सूचना उस शिक्षण सत्र की समाप्ति के पूर्व संबंधित आवेदक को देना जाना आवश्यक है। साथ ही ऐसे प्रकरणों में	31 जनवरी तक

	अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़े वर्ग के संबंधित छात्र/छात्रा को देय सुविधा तत्काल बंद कर दी जाएगी।	

(ख) सीधे प्रस्तुत आवेदन पत्रों के आधार पर जाति प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया

अनुसूचित जाति/जनजाति/अन्य पिछड़े वर्ग के वे व्यक्ति, जिन्होंने स्कूली शिक्षा के दौरान (कक्षा 8वी) तक स्थाई जाति प्रमाण पत्र प्राप्त नहीं किया है। अब उन्हें हाई स्कूल की शिक्षा/ तकनीकी पाठ्यक्रमों में प्रवेश/लोक सेवा एवं पदों में आरक्षण या शासन द्वारा देय अन्य सुविधाओं का लाभ लेने हेतु जाति प्रमाण पत्र की आवश्यकता है, को स्थाई (लेमिनेटेड) जाति प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया निम्नानुसार होगी :–

(1) आवेदक नायब तहसीलदार/तहसीलदार के कार्यालय से सीधे आवेदन पत्र प्राप्त कर सकेंगे। आवेदन पत्र की सही–सही पूर्ति कर निर्धारित शपथ पत्र के साथ उसी कार्यालय में प्रस्तुत करेंगे। जाति तथा निवास की पुष्टि हेतु जो भी दस्तावेज उपलब्ध हो, उनकी प्रतियॉ आवेदक आवेदन पत्र के साथ ही संलग्न करेंगे।

(2) नायब तहसीलदार/तहसीलदार कार्यालय द्वारा आवेदक को प्राप्ति की रसीद दी जाएगी। इसमें स्थाई जाति प्रमाण पत्र प्रदाय करने की संभावित तिथि अंकित की जाएगी, जो किसी भी स्थिति में 6 माह के बाद की न हो। आवेदन पत्र को रजिस्ट्र में दर्ज किया जाएगा। तत्पश्चात् आवेदक की जाति, उसकी वर्तमान पते पर निवास अवधि, आय (अन्य पिछड़े वर्गों के प्रकरणों में) आदि के संबंध में जॉच यथासंभव उपरोक्त **कंडिका–2 (क)** 8 में उल्लेखित प्रक्रिया के साथ ही की जाए। यदि किसी कारण से उक्त प्रक्रिया के साथ जॉच संभव न हो या आवेदन बाद में प्राप्त हुये हों तो आवेदन प्राप्ति के **अधिकतम 3 माह में** पृथक से जॉच कर प्रकरण अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को अपनी स्पष्ट अनुशंसा सहित प्रेषित किये जाएं।

(3) अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), प्रकरण प्राप्त होने के अधिकतम **दो माह** के अंदर स्थाई जाति प्रमाण पत्र जारी कर तहसीलदार/नायब तहसीलदार कार्यालय को भिजवाएंगे। वहॉ से संबंधित आवेदक को प्रदाय किये जाएंगे। इस पूरी प्रक्रिया में **अधिकतम 6 माह से अधिक की अवधि न ली जाए।**

(4) यदि किसी आवेदक के संबंध में जॉच उपरान्त यह पाया जाता है कि वे नियमों के अधीन संबंधित जाति का प्रमाण पत्र प्राप्त करने की पात्रता नहीं रखते हैं, उनका आवेदन पत्र कारण दर्शाते हुये निरस्त किया जाए। इसकी सूचना अधिकतम 6 माह के अंदर आवेदक को दी जाना चाहिए।

(ग) राज्य पुनर्गठन अधिनियम, 2000 के फलस्वरूप प्रभावित व्यक्तियों के लिये प्रक्रिया

मान0 सर्वोच्च न्यायालय के विभिन्न प्रकरणों में दिये गये गये न्याय दृष्टांत तथा भारत सरकार द्वारा समय–समय पर जारी निर्देशों के अनुसार अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिये वर्ष 1950 तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के लिये दिनांक

26–12–84 या उसके पूर्व की स्थिति में संबंधित व्यक्ति उस राज्य में निवास करता हो जहॉ से उसने प्रमाण पत्र की मांग की है।

(1) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़े वर्ग के जो व्यक्ति मूल रूप से उन जिलों के स्थाई निवासी हैं, जो जिले, राज्य पुनर्गठन के बाद मध्यप्रदेश राज्य में स्थित है, को मध्यप्रदेश से जाति प्रमाण पत्र प्राप्त करने की पात्रता होगी।

(2) उपरोक्त श्रेणी के आवेदकों को मध्यप्रदेश राज्य के उस जिले/अनुभाग से ही जाति प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा जिस जिले/अनुभाग का वह/उनका परिवार स्थाई निवासी है।

(3) जो व्यक्ति मूलतः छत्तीसगढ़ राज्य में स्थित जिलों के निवासी हैं, उन्हें प्रवृजन संबंधी नीचे उल्लेखित कंडिका–3 के अनुसार जाति प्रमाण पत्र जारी किये जाएंगे।

3. <u>प्रवृजन संबंधी प्रकरणों में जाति प्रमाण पत्र जारी करने की व्यवस्था :–</u>

राज्य शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के मूल परिपत्र क्रमांक एफ 1/स.प्र.वि./आ.प्र. दिनांक 1–8–1996 (अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों के लिये) एवं परिपत्र क्रमांक एफ 7–2/96/आ.प्र./एक दिनांक 12 मार्च, 1997 (अन्य पिछड़ा वर्गों के लिये) की कंडिका–15 एवं 16 विलोपिता की जाती है।

अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के जो व्यक्ति/उनका परिवार महामहिम राष्ट्रपति द्वारा जातियों की अधिसूचना जारी करने के वर्ष 1950 के बाद तथा अन्य पिछड़े वर्गो के के जो व्यक्ति/परिवार अन्य पिछड़े वर्गों की जातियों की सूची अधिसूचित करने के वर्ष 1984 के बाद अन्य राज्यों से प्रवृजित होकर मध्यप्रदेश में आकर बस गये है, वे अन्तर्राज्यीय प्रवृजन की श्रेणी में आते हैं।

(1) उक्त श्रेणी के व्यक्तियों को जाति प्रमाण पत्र उसी राज्य से प्राप्त करना होगा, जिस राज्य से उनका मूल रूप से संबंध है।

(2) किन्तु यदि इस श्रेणी के आवेदक, यदि उनके माता–पिता को मूल राज्य के सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किया गया जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करते हैं, तो उसके आधार पर आवेदक को एक पृथक निर्धारित प्रारूप **'तीन'** में जाति प्रमाण पत्र जारी किया जा सकेगा। बशर्ते उसकी जाति मध्यप्रदेश मे भी उसी प्रवर्ग (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग) में शामिल हो जिसमें उसके मूल राज्य में अधिसूचित हैं।

(3) राजस्व अधिकारी द्वारा ऐसे जाति प्रमाण पत्र आवश्यक जॉच उपरान्त पूर्ण सावधानी के साथ ही जारी किये जा सकेंगे और आवश्यक समझे तो उनके मूल राज्य से इसकी जॉच भी करायी जा सकती है।

(3) **भारत सरकार, गृह मंत्रालय के आदेश No. BC-16014/1/82-SC&BCD-1 दिनांक 6 अगस्त, 1984 के अनुसार उपरोक्तानुसार प्रारूप–तीन में जारी जाति प्रमाण पत्र पर आरक्षण की सुविधा उसी राज्य से प्राप्त होगी, जिस राज्य से आवेदक का मूल रूप से संबंध है। मध्यप्रदेश शासन द्वारा देय आरक्षण सुविधा की**

पात्रता नहीं होगी। किन्तु यह जाति प्रमाण पत्र केन्द्र सरकार की सेवाओं/संस्थाओं आदि में आरक्षण का लाभ प्राप्त करने के लिये मान्य होंगे।

4. (1) इन निर्देशों के साथ आवेदन पत्र, स्थाई जाति प्रमाण पत्र तथा शपथ पत्र/घोषणा पत्र का प्रारूप संलग्न किया जा रहा है। कोई भी राजस्व अधिकारी इससे भिन्न प्रारूप में आवेदन पत्र तथा शपथ पत्र की मांग नहीं करेंगे और न ही भिन्न प्रारूप में स्थाई जाति प्रमाण पत्र जारी करेंगे।

(2) प्रारूप 'एक' एवं 'दो' एक साथ (आगे–पीछे) मुद्रित किये जा रहे हैं। इन्हें एक साथ जारी किया जाए।

5. जाति प्रमाण पत्र समय–सीमा में जारी हो सके, इस दृष्टि से संबंधित जिला कलेक्टर अपने जिले में पदस्थ अन्य उप जिलाध्यक्षों को जाति प्रमाण पत्र जारी करने हेतु अधिकृत कर इस कार्य हेतु उन्हें अनुविभागीय अधिकारी घोषित कर सकेंगे।

परन्तु जिले में पदस्थ अन्य उप जिलाध्यक्षों द्वारा जारी किये गये जाति प्रमाण पत्रों पर जावक क्रमांक संबंधित अनुविभागीय अधिकारी के कार्यलय का ही अंकित किया जाएगा और उसी कार्यालय में इसका रिकार्ड व्यवस्थित रखा जाएगा। ताकि आवश्यकतानुसार उसका परीक्षण/पुष्टि की जा सके।

विशेष निर्देश

6. उपर्युक्त प्रक्रिया के तहत स्थाई जाति प्रमाण पत्र जारी करते समय इस कार्य से जुड़े अधिकारियों को निम्नलिखित विशेष निर्देशों को ध्यान रखा रखना आवश्यक है :–

(1) अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्गो के छात्र–छात्राओं को शासन की ओर से मिलने वाली सुविधाओं की सूची मण्डल संयोजक, आदिम जाति कल्याण द्वारा विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी के कार्यालय के माध्यम से स्कूलों में उपलब्ध करायी जाएगी। प्रत्येक विद्यालय के प्राचार्य/प्रधानाध्यापक शिक्षा सत्र प्रारम्भ होते ही यह सूची सूचना पटल पर लगाएंगे। साथ ही पालक/अभिभावकों की बैठक आयोजित कर उन्हें अवगत कराएंगे।

(2) स्कूलों के माध्यम से बनाये जाने वाले स्थाई जाति प्रमाण पत्र भी तहसील कार्यालय में आवेदन पत्र की प्राप्ति तिथि के 6 माह के अंदर ही जारी किये जाएं।

(3) स्कूलों के माध्यम से स्थाई जाति प्रमाण पत्र बनाने की सुविधा कक्षा 8वी तक प्रवेश लेने वाले छात्र–छात्राओं को ही प्राप्त होगी। यदि कोई छात्र/छात्रा अन्य स्कूल से स्थानांतरित होकर कक्षा–1 से 8 तक किसी कक्षा में प्रवेश लेते हैं और उसने पूर्व में किसी अन्य स्कूल के माध्यम से स्थाई जाति प्रमाण पत्र प्राप्त कर लिया है तो उन्हें पुनः जाति प्रमाण पत्र बनाने की आवश्यकता नहीं है।

(4) कक्षा–8वी तक यदि किसी छात्र/छात्रा/व्यक्ति ने स्थाई जाति प्रमाण प्राप्त नहीं किया है तो इसके बाद उन्हें इस परिपत्र की कंडिका–2 (ख) में निर्धारित प्रक्रिया के तहत जाति प्रमाण पत्र जारी किये जाएं।

(5) आवेदक को आवेदन पत्र के साथ अपने परिवार के किसी सदस्य, पिता/चाचा/भाई/बहिन या दादा को पूर्व में जारी जाति प्रमाण

पत्र/शिक्षा/शासकीय सेवा या अचल सम्पत्ति का रिकार्ड प्रस्तुत करना चाहिये जिससे उनके स्थाई निवास तथा जाति के दावे की राजस्व अधिकारी द्वारा जॉच कर पुष्टि की जा सके।

(6) स्थाई जाति प्रमाण पत्र जारी करने हेतु आवेदक से उतने ही दस्तावेज लिये जाएं जिनसे उनके दावे की पुष्टि हो सके। आवेदन पत्र में उल्लेखित सभी दस्तावेज आवश्यक नहीं है। इसके अलावा यदि किसी आवेदक के पास वर्ष 1950 (अन्य पिछड़े वर्गों के लिये 1984) या उससे पहले से मध्यप्रदेश का निवासी होने संबंधी लिखित रिकार्ड नहीं है, तो उसे यह लिखित रिकार्ड प्रस्तुत करने हेतु विवश न किया जाए। राजस्व अधिकारियों को स्वयं मौके पर जाकर/कैम्प में, जॉच कर आवेदन पत्र में उल्लेखित जानकारी की पुष्टि करना चाहिये। इसके लिये आवेदक/संबंधित सरपंच/पार्षद/उस ग्राम, मोहल्ले के संभ्रान्त व्यक्ति से पूछताछ कर उनके बयान दर्ज किए जाना चाहिए और स्वयं की संतुष्टि के बाद स्थाई जाति प्रमाण पत्र जारी करने की अनुशंसा करनी चाहिए।

(7) विशेष परिस्थिति में ही आवश्यकता को स्पष्ट करते हुये शपथ पत्र प्रस्तुत करने पर 'प्रोविजनल' जाति प्रमाण पत्र सिर्फ एक बार के लिये जारी किया जा सकेगा जो अधिकतम 6 माह की अवधि के लिये ही मान्य होगा। किन्तु इस प्रमाण पत्र के आधार पर शैक्षणिक संस्थाओं में लिया गया प्रवेश/सेवा/प्राप्त की गई अन्य सुविधा पूर्णतः ''प्रोविजनल'' होगी। यदि आवेदक जॉच के दौरान जाति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के निर्धारित मापदण्ड पूरे नहीं करते हैं और उनका आवेदन पत्र निरस्त किया जाता है तो उन्हें प्रोविजनल जाति प्रमाण पत्र के आधार पर दी गई सुविधा से तत्काल वंचित किया जाएगा, जिसके लिये आवेदक स्वयं जिम्मेदार होगा।

(8) अन्य पिछड़ा वर्ग के व्यक्तियों में संबंध में आय एक महत्वपूर्ण पहलू है। अतः जॉचकर्ता राजस्व अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारियों को यह पुष्टि करना आवश्यक है कि संबंधित आवेदक/उसका परिवार 'क्रीमिलियर' की श्रेणी नहीं आता है।

(9) किसी भी स्थिति में 'प्रोविजनल' जाति प्रमाण पत्र को स्थाई जाति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये आधार नहीं माना जाएगा।

(10) **आवेदक/उनके पालक/अभिभावक स्वयं सुनिश्चित करें कि वे जिस जाति के प्रमाण पत्र की मांग कर रहे हैं, उसकी पात्रता रखते हैं। यदि किसी प्रकरण में यह साबित होता है कि आवेदक द्वारा कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर जाति प्रमाण पत्र प्राप्त किया है, तो उस जाति प्रमाण पत्र के आधार पर प्राप्त की गई सुविधा से तत्काल वंचित किया जाए, उसकी ब्याज सहित वसूली की जाए और दण्डात्मक कार्यवाही भी की जा सकेगी।**

(11) कई जातियो/उपजातियों के नामों में सूक्ष्म अंतर होने के कारण लोग गलत तथ्यों के आधार पर जाति प्रमाण पत्र हासिल करने का प्रयास करते हैं। अतः राजस्व अधिकारियों को यह भी सूक्ष्मता से देखना आवश्यक है कि आवेदक उसी जाति का सदस्य है, जिसका उसने दावा किया है और वह जाति उसी वर्ग की सूची में शामिल है, जिसका उसे जाति प्रमाण पत्र जारी किया जा रहा है।

(12) किसी भी व्यक्ति द्वारा एक बार प्राप्त किया गया स्थाई जाति प्रमाण पत्र उसके जीवन पर्यन्त उपयोगी होगा। किसी भी प्रयोजन के लिये सिर्फ उसकी सत्यापित छायाप्रति मान्य की जाए। आवश्यकतानुसार मूल प्रति का अवलोकन/मिलान किया जा सकता है, किन्तु किसी भी स्थिति में मूल जाति प्रमाण पत्र स्कूल/कार्यालयों में जमा नहीं किया जाएगा।

7. उपरोक्त निर्देशों के तहत की गई कार्यवाही की समस्त अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अपने राजस्व अनुभाग के प्रकरणों की वर्ष में दो बार समीक्षा करेंगे तथा मार्च–अप्रेल माह में जिला कलेक्टर अपने जिले की समीक्षा कर पूर्व वित्तीय वर्ष की रिपोर्ट संलग्न निर्धारित प्रोफार्मा में सामान्य प्रशासन विभाग (आरक्षण प्रकोष्ठ) को प्रतिवर्ष 15 मई तक आवश्यक रूप से प्रेषित करेंगे।

8. जाति प्रमाण पत्र के कार्यों हेतु जिले में पदस्थ आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति कल्याण विभाग के अमले का सहयोग आवश्यक है। अतः क्षेत्रीय स्तर पर मण्डल संयोजक एवं जिला स्तर पर सहायक आयुक्त/जिला संयोजक राजस्व अधिकारियों को आवश्यक सहयोग प्रदान करेंगे। इस कार्य के लिये मण्डल संयोजक माह में कम से कम दो दिन अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) के कार्यालय में उपस्थित रहेंगे।

9. उपरोक्त निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। यदि किसी अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा इन निर्देशों के पालन में शिथिलता बरती जाती है या उल्लंघन किया जाता है तो उनके विरूद्ध कार्रवाई करने हेतु जिला कलेक्टर अधिकृत रहेंगे। जिन लोक सेवकों पर कार्रवाई का अधिकार जिला कलेक्टरों को नहीं है, ऐसे प्रकरण अनुशंसा सहित राज्य शासन अथवा सक्षम अधिकारी को प्रेषित किये जांए।

10. अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़े वर्गों के लिये स्टाम्प शुल्क से छूट प्रदान की गई है तथा स्थाई जाति प्रमाण पत्र के लेमिनेशन के खर्च की प्रतिपूर्ति राज्य शासन के संबंधित विभागों (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग) द्वारा की जाती है। अतः छात्र–छात्राओं को स्कूलों के माध्यम से प्रदान किये जाने वाले जाति प्रमाण पत्र के लिये कोई शुल्क न लिया जाए। सीधे प्रस्तुत आवेदन पत्रों के साथ सिर्फ शपथ–पत्र पर होने वाला खर्च स्वयं आवेदक वहन करेंगे इसके अतिरिक्त स्थाई (लेमिनेटेड) जाति प्रमाण पत्र के लिये कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा।

(सुभाष डाफणे)
उप सचिव
मध्यप्रदेश शासन
सामान्य प्रशासन विभाग

परिशिष्ट–एक

(परिपत्र दिनांक 1.8.1996 के निर्देश क्र. 3 देखें)

अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के लिये जाति प्रमाण–पत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन–पत्र

प्रति,

अनुविभागीय अधिकारी,
अनुविभाग .....
जिला ..... (म0प्र0)

महोदय,

निवेदन है कि मुझे/मेरे पुत्र/पुत्री को राज्य की शैक्षणिक संस्थाओं में प्रवेश प्राप्त करने/राज्य की सेवाओं में नियुक्ति हेतु आवेदन प्रस्तुत करने/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति को दी जा रही सुविधा का लाभ प्राप्त करने के लिये जाति प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। इस संबंध में मेरे द्वारा निम्नानुसार जानकारी प्रस्तुत है :–

1. (अ) आवेदक का पूरा नाम .....
.....

(ब) आवेदक के पिता का पूरा नाम .....
.....

2. उस व्यक्ति का नाम एवं आवेदक से नाम .....
.....
संबंध जिसके लिये प्रमाण –पत्र मांगा पिता का नाम .....
.....
जा रहा है (उसका नाम, पिता का नाम जन्म तिथि .....
.....
एवं जन्म तिथि) आवेदक से संबंध .....
.....

3. निवास का पूरा पता :
(ग्राम/नगर, पटवारी हल्का नम्बर, तहसील, जिला सहित)
(अ) वर्तमान पता : .....
.....
.....
.....
(ब) स्थाई पता : .....
.....
.....
.....

4. आवेदक/आवेदक का परिवार मध्यप्रदेश में कब से निवासरत है?.....
.....

5. यदि उक्त क्रमांक–4 में अंकित तिथि, वर्ष 1950 या उसके बाद की है तो –

(अ) मध्यप्रदेश में आने के पूर्व वर्ष 1950 ग्राम/नगर का नाम.....
..... की स्थिति में निवास का पूरा पता. पटवारी ह0 नं0.....
.....

तहसील.....जिला .....
..... राज्य .....
.....

(ब) उक्त तिथि को उपरोक्त (अ) में दर्शित नाम .....
.....
पते पर निवास करने वाले परिवार के
मुखिया का नाम और आवेदक से संबंध । संबंध .....
.....

6. यदि आवेदक ने मध्यप्रदेश में ही स्थान .....
.....
परिवर्तन किया है तो उसका विवरण. .....
.....
(कहॉ–कहॉ रहे उसका पता एवं अवधि) .....
....

7. आवेदक की जाति/जनजाति का नाम .....
....
(उप जाति सहित)

8. संविधान (अनुसूचित जातियॉ) आदेश1950 अथवा संविधान (अनुसूचित जनजातियॉ) आदेश 1950 यह जाति क्या अनुसूचित जाति /अनुसूचित जनजाति के रूप में इस जिले के लिये विनिर्दिष्ट (अधिमान्य) है? यदि हॉ तो उसका क्रमांक. .....
.....
(आवेदक को ज्ञात न होने की स्थिति में कार्यालय द्वारा अंकित किया जाए)

9. यदि आवेदक 1950 के बाद दूसरे राज्य से आया है तो उसके मूल राज्य में आवेदक की जाति अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति के रूप में अधिमान्य है।
(यदि ज्ञात हो तो क्रमांक अंकित करें). .....
.....

10. क्या इस आवेदन के प्रस्तुती के पूर्व नाम.....
.....
परिवार के किसी सदस्य (पिता/चाचा जारी करने वाले
/भाई/बहिन/दादा के नाम से जाति कार्यालय का नाम .....
.....
प्रमाण पत्र प्राप्त किया गया है? यदि हॉ जिले का नाम .....
.....
तो उसका विवरण एवं फोटो प्रति संलग्न जारी करने का दि0.....
.....
करें।

11. आवेदक द्वारा अपनी जाति तथा निवास .....
.....

संबंधी प्रस्तुत किये गये अभिलेखों का विवरण .....
.....

12. आवेदन पत्र के साथ संलग्न किये गये शपथ पत्र/ घोषणा पत्र का दिनांक. .....
.....

टीप :–(1) जाति तथा निवास के प्रमाण हेतु संबंधित सरपंच/पार्षद/नगरीय निकाय के अध्यक्ष/विधायक/सांसद में से किसी एक के प्रमाण पत्र के अतिरिक्त अपने परिवार के सदस्य पिता/चाचा/भाई/बहिन/दादा का जाति प्रमाण पत्र/शिक्षा संबंधी प्रमाण पत्र/शासकीय अर्द्ध शासकीय सेवा का रिकार्ड/राशन कार्ड/अचल सम्पत्ति का रिकार्ड यदि उपलब्ध हो तो संलग्न करें। अन्यथा राजस्व अधिकारी पंचायत/वार्ड रिकार्ड से पुष्टि करें।

(2) आवेदक/उनके पालक/अभिभावक स्वयं सुनिश्चित करेंगे कि वे जिस जाति के प्रमाण पत्र की मांग कर रहे हैं, उसकी पात्रता रखते हैं। यदि किसी प्रकरण में यह साबित होता है कि आवेदक द्वारा कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर जाति प्रमाण पत्र प्राप्त किया है, तो उस जाति प्रमाण पत्र के आधार पर प्राप्त की गई सुविधा से तत्काल वंचित किया जाए, उसकी ब्याज सहित वसूली की जाए और दण्डात्मक कार्यवाही भी की जा सकेगी।

मैं प्रमाणित करता हूँ कि मेरे द्वारा दी गई उपरोक्त जानकारी मेरे ज्ञान और विश्वास के अनुसार सत्य है और मैं अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिये आरक्षण तथा अन्य घोषित सुविधाएं प्राप्त करने की पात्रता धारण करता हूँ। मैं भली भॉति जानता हूँ कि मेरे द्वारा दी गई जानकारी असत्य/गलत पायी जाती है तो विधि एवं नियमों के अधीन उपरोक्त टीप के क्रमांक (2) में वर्णित कार्यवाही की जा सकती है, जिसके लिये मै स्वयं उत्तरदायी रहूँगा।

स्थान .....
दिनांक .....

आवेदक के हस्ताक्षर
तथा नाम

परिशिष्ट–एक
(परिपत्र दिनांक 12.3.97 के निर्देश क्र. 3 देखें)

अन्य पिछड़े वर्ग के लिये जाति प्रमाण–पत्र हेतु आवेदन–पत्र

प्रति,

अनुविभागीय अधिकारी,
अनुविभाग .....
जिला ..... (म0प्र0)

महोदय,

निवेदन है कि मुझे/मेरे पुत्र/पुत्री को शैक्षणिक संस्थाओं में प्रवेश एवं सेवाओं में अन्य पिछड़े वर्गो के लिये आरक्षण/ शासन द्वारा देय अन्य सुविधाओं का लाभ प्राप्त करने के लिये जाति प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। इस संबंध में मेरे द्वारा निम्नानुसार जानकारी प्रस्तुत है:–

1. आवेदक का पूरा नाम (अ) .....
.....

आवेदक के पिता का पूरा नाम (ब) .....
.....

2. उस व्यक्ति का नाम एवं आवेदक से नाम .....
.....
संबंध जिसके लिये प्रमाण पत्र की पिता का नाम .....
..... आवश्यकता है(उसका नाम, पिता का जन्म तिथि .....
.....
नाम एवं जन्म तिथि) आवेदक से संबंध .....
.....

3. धर्म .....
.....

4. जाति एवं उप जाति जाति.....
.....
उपजाति .....
.....

5. निवास का पूरा पता :
(ग्राम/नगर, पटवारी हल्का नम्बर, तहसील, जिला सहित)
(अ) वर्तमान पता : .....
....
.....
(ब) स्थाई पता : .....
.....

6. आवेदक का परिवार मध्यप्रदेश में कब से निवासरत है? .....
.....

7. यदि उक्त कॉलम नं0–6 में उल्लेखित तिथि दिनांक 26–12–1984 के बाद की है तो –
(अ) मध्यप्रदेश में आने के पूर्व की स्थिति में निवास का पूरा पता .....
.....

.....

.....

(ब) उक्त तिथि को वहॉ निवास करने वाले परिवार .....

.....

के मुखिया का नाम और आवेदक से संबंध.

(स) यदि आवेदक ने मध्यप्रदेश में ही स्थान परिवर्तन .....

.....

किया है तो कहॉ–कहॉ रहे उसका पता एवं अवधि .....

.....

8. राज्य शासन द्वारा घोषित की गई अन्य पिछड़े वर्ग की अनुसूची में जाति/उपजाति/वर्ग समूह का क्रमांक.**(यदि ज्ञात हो तो)** .....

....

9. **व्यवसाय** – माता, पिता/पति यदि निम्नांकित में से कोई पद धारण करते हो तो जानकारी दी जाए :–

	स्थिति	माता	पिता/पति
क	संवैधानिक पद		
	पदनाम		
ख.	शासकीय सेवा (केन्द्र/राज्य)		
	पदनाम		
	वेतनमान (पद की श्रेणी सहित, यदि हो)		
	पद पर नियुक्ति का दिनांक		
	प्रथम श्रेणी के पद पर पदोन्नति के समय आयु.		
ग.	सार्वजनिक उपक्रमों आदि में सेवा		
	संगठन का नाम		
	पदनाम/श्रेणी		
	वेतनमान		
	पद में नियुक्ति की तिथि		
घ.	अन्तर्राष्ट्रीय संगठन यथा विश्व स्वास्थ्य संगठन, संयुक्त राष्ट्र संगठन एवं यूनीसेफ आदि की सेवा.		
	संगठन का नाम		
	पदनाम		
	सेवा अवधि (तिथि अंकित करें दिनांक.....से .....तक)		
ड.	मृत्यु/स्थायी अक्षमता		
	अधिकारी की मृत्यु/स्थायी रूप से अयोग्य हो जाने से सेवा से हटने की तिथि		
	स्थायी अयोग्यता का विवरण		
च.	सशस्त्र सेना अथवा अर्द्ध सैनिक बल (इस श्रेणी में ऐसे व्यक्ति सम्मिलित नहीं है जो सिविल पद धारण करते हों)		
	पदनाम		
	वेतनमान		

10. यदि व्यापार/उद्योग/व्यवसाय या अशासकीय सेवा करते हों तो उसका विवरण :–

(क) स्वयं का व्यवसाय (यदि वयस्क है तो) .....आय .....
.....

(ख) माता का व्यवसाय ..... .आय .....
.....

(ग) पिता/पति का व्यवसाय ..... आय .....
.....

11. सम्पत्ति का स्वामी –

(अ) कृषि भूमि (माता, पिता एवं अवयस्क बच्चों के) स्वामित्व मे

(i) सिंचित भूमि का क्षेत्र .....स्थान .....
.....

(ii) असिंचित भूमि का क्षेत्र .....स्थान.....
.....

(iii) वृक्षारोपण का क्षेत्र .....स्थान.....
.....

(उपरोक्त को राजस्व अधिकारी द्वारा प्रमाणित किया जाए, जो तहसीलदार के पद से निम्न स्तर का न हो)

(ब) शहरी क्षेत्र में अथवा शहरी जमाव (Urban agglemeration) में भवन सम्पत्ति अथवा रिक्त भू–खण्ड–

(i) सम्पत्ति का स्थान .....
(ii) सम्पत्ति का विवरण .....
(iii) सम्पत्ति के उपयोग का प्रयोजन .....

12. आय/सम्पत्ति (Income/wealth) –

(i) सभी स्त्रोतों से परिवार की वार्षिक आय .....
(कृषि वेतन एवं कृषि आय को छोड़कर)

(ii) क्या आवेदक करदाता है ?(हॉ/नहीं) .....
.

(यदि हॉ तो गत तीन वर्षों की आय कर
विवरण की प्रति संलग्न की जाए)

(iii) क्या आवेदक पर सम्पत्ति कर अधिनियम
के प्रावधान लागू होते हैं? (हॉ/नहीं) .....
..

(यदि हो तो विवरण देवें)

(iv) अन्य कोई विवरण .....
...

टीप :– (1)जाति तथा निवास के प्रमाण हेतु संबंधित सरपंच/पार्षद/नगरीय निकाय के अध्यक्ष/विधायक/सांसद में से किसी एक के प्रमाण पत्र के अतिरिक्त अपने परिवार के सदस्य पिता/चाचा/भाई/बहिन/दादा का जाति प्रमाण पत्र/शिक्षा संबंधी प्रमाण

पत्र/शासकीय अर्द्ध शासकीय सेवा का रिकार्ड/राशन कार्ड/अचल सम्पत्ति का रिकार्ड यदि उपलब्ध हो तो संलग्न करें। अन्यथा राजस्व अधिकारी पंचायत/वार्ड रिकार्ड से पुष्टि करें।

(2) आवेदक/उनके पालक/अभिभावक स्वयं सुनिश्चित करेंगे कि वे जिस जाति के प्रमाण पत्र की मांग कर रहे हैं, उसकी पात्रता रखते हैं। यदि किसी प्रकरण में यह साबित होता है कि आवेदक द्वारा कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर जाति प्रमाण पत्र प्राप्त किया है, तो उस जाति प्रमाण पत्र के आधार पर प्राप्त की गई सुविधा से तत्काल वंचित किया जाए, उसकी ब्याज सहित वसूली की जाए और दण्डात्मक कार्यवाही भी की जा सकेगी।

मै प्रमाणित करता हूॅ कि मेरे द्वारा दी गई उपरोक्त जानकारी मेरे ज्ञान एवं विश्वास के अनुसार सत्य है एवं मैं अन्य पिछड़े वर्ग में ''क्रीमीलेयर'' (सम्पन्न वर्ग) की परिधि में नहीं आता हूॅ और इस प्रकार अन्य पिछड़े वर्ग के लिये आरक्षण तथा अन्य घोषित सुविधाएं प्राप्त करने की पात्रता धारण करता हूॅ। मैं भली–भॉति जानता हूॅ कि मेरे द्वारा दी गई जानकारी असत्य/गलत पायी जाती है तो विधि एवं नियमों के अधीन उपरोक्त टीप के क्रमांक (2) में वर्णित कार्यवाही की जा सकती है, जिसके लिये मै स्वयं उत्तरदायी रहूॅगा।

स्थान .....
दिनांक .....

आवेदक के हस्ताक्षर
एवं नाम

प्रारूप–'एक'

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (प्रमाणीकरण)

अनुभाग..... जिला.....मध्यप्रदेश पुस्तक क्रमांक ....प्रमाण पत्र क्रमांक .....

जाति प्रमाण–पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि श्री/श्रीमती/कुमारी..... पुत्र/पुत्री श्री..... निवासी ग्राम/नगर..... तहसील.....जिला.....(.मध्यप्रदेश) .....जाति/जनजाति का/की सदस्य है और इस जाति जनजाति को संविधान के अनुच्छेद 341/342 के अधीन मध्यप्रदेश राज्य में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के रूप में विनिर्दिष्ट किया गया है और यह ..... जाति/जनजाति अनुसूचित जाति एवं जनजाति (संशोधन) अधिनियम, 1976 के अंतर्गत मध्यप्रदेश की सूची में अनुक्रमांक.....पर अंकित है। अतः श्री/श्रीमती/कुमारी.....पिता/पति का नाम ..... अनुसूचित जाति/जनजाति का/की सदस्य है।

स्थान.....
दिनांक .....

प्रमाणीकरण अधिकारी की हस्ताक्षर
नाम
पदनाम एवं मुहर

प्रारूप– 'दो

केन्द्र सरकार की संस्थाओं/सेवाओं में आरक्षण सुविधा के लिये जाति प्रमाण पत्र

क्रमांक.....

प्रमाणित किया जाता है कि श्री/श्रीमती/कुमारी.....पुत्र/पुत्री श्री ....निवासी ग्राम/कस्बा .....तहसील.....जिला/संभाग..... .....मध्यप्रदेश, ... जाति/जनजाति से संबंधित है जो निम्नलिखित आदेश के अंतर्गत अनुसूचित जाति/जनजाति के रूप में मान्यता प्राप्त है। यह जाति अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति की सूची के क्रमांक ..... पर दर्ज है।

- संविधान (अनुसूचित जाति) आदेश, 1950.
- संविधान (अनुसूचित जनजाति) आदेश, 1950.
- संविधान (अनुसूचित जाति) आदेश, 1950.
- संविधान (अनुसूचित जाति) (संघ क्षेत्र) आदेश, 1951.
- संविधान (अनुसूचित जनजाति) (संघ क्षेत्र) आदेश, 1951.अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति सूची (परिशोधन) आदेश, 1956, मुम्बई. रिआर्गेनाइजेशन एक्ट 1960, पंजाब रिआर्गेनाइजेशन एक्ट, 1966, हिमाचल प्रदेश राज्य अधिनियम 1970 तथा पूर्वोत्तर क्षेत्र (रिआर्गेनाइजेशन) अधिनियम 1971 एवं अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनाजाति आदेश (संशोधन) अधिनियम 1976 द्वारा संशोधित.
- संविधान (जम्मू एवं कश्मीर) अनुसूचित जाति आदेश, 1956, संविधान (अण्डमान एवं निकोबार द्वीप समूह) अनुसूचित जनजाति आदेश 1969, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति आदेश (संशोधन) अधिनियम, 1976 द्वारा यथा संशोधित.
- संविधान (दादर एवं नागर हवेली) अनुसूचित जनजाति आदेश 1962
- संविधान (दादर एवं नागर हवेली) अनुसूचित जाति आदेश 1962
- संविधान (पांडिचेरी) अनूसूचित जाति आदेश, 1964.
- संविधान (उत्तर प्रदेश) अनूसूचित जनजाति आदेश, 1967.
- संविधान (गोवा, दमन एवं दीव) अनुसूचित जाति आदेश, 1968.
- संविधान (गोवा, दमन एवं दीव) अनुसूचित जनजाति आदेश, 1968.
- संविधान (नागालैण्ड) अनुसूचित जाति आदेश, 1970.
- संविधान (सिक्किम) अनुसूचित जनजाति आदेश, 1978
- संविधान (सिक्किम) अनुसूचित जाति आदेश, 1978.
- संविधान (जम्मू एवं कश्मीर) अनुसूचित जनजाति आदेश, 1989
- संविधान (अनुसूचित जनजाति) आदेश (संशोधन) अधिनियम 1990.
- संविधान (अनुसूचित जनजाति) आदेश (संशोधन) अध्यादेश, 1991.
- संविधान (अनुसूचित जनजाति) आदेश (द्वितीय संशोधन) अधिनियम 1991.
- संविधान (अनुसूचित जनजाति) आदेश (संशोधन) अधिनियम 1996.
- अनुसूचित जाति/जनजाति आदेश (संशोधन) अधिनियम, 2002.

राज्य –मध्यप्रदेश

स्थान :.....

दिनांक.....

हस्ताक्षर

पदनाम

(कार्यालय की मुहर)

प्रारूप–'तीन'

अन्य राज्यों से मध्यप्रदेश में प्रवृजन करने वाले अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति व्यक्तियों के लिये

जाति प्रमाण पत्र

(मध्यप्रदेश शासन की सेवाओं के लिये मान्य नहीं)

अनुक्रमांक.....

प्रमाणित किया जाता है कि श्री/श्रीमती/कुमारी.....पुत्र/पुत्री श्री..... .....निवासी ग्राम/शहर .....जिला.....राज्य/संघक्षेत्र.. .....की निवासी होकर सरल क्रमांक.....पर उल्लेखित जाति.....की/के सदस्य हैं। यह जाति निम्नलिखित आदेशों के तहत अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के रूप में घोषित हैं:–

- संविधान (अनुसूचित जाति) आदेश, 1950.
- संविधान (अनुसूचित जनजाति) आदेश, 1950.
- संविधान (अनुसूचित जाति) आदेश, 1950.
- संविधान (अनुसूचित जाति) (संघ क्षेत्र) आदेश, 1951.
- संविधान (अनुसूचित जनजाति) (संघ क्षेत्र) आदेश, 1951.अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति सूची (परिशोधन) आदेश, 1956, मुम्बई. रिआर्गेनाइजेशन एक्ट 1960, पंजाब रिआर्गेनाइजेशन एक्ट, 1966, हिमाचल प्रदेश राज्य अधिनियम 1970 तथा पूर्वोत्तर क्षेत्र (रिआर्गेनाइजेशन) अधिनियम 1971 एवं अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनाजाति आदेश (संशोधन) अधिनियम 1976 द्वारा संशोधित.
- संविधान (जम्मू एवं कश्मीर) अनुसूचित जाति आदेश, 1956, संविधान (अण्डमान एवं निकोबार द्वीप समूह) अनुसूचित जनजाति आदेश 1969, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति आदेश (संशोधन) अधिनियम, 1976 द्वारा यथा संशोधित.
- संविधान (दादर एवं नगर हवेली) अनुसूचित जनजाति आदेश 1962
- संविधान (दादर एवं नगर हवेली) अनुसूचित जाति आदेश 1962
- संविधान (पांडिचेरी) अनूसूचित जाति आदेश, 1964.
- संविधान (उत्तर प्रदेश) अनूसूचित जनजाति आदेश, 1967.
- संविधान (गोवा, दमन एवं दीव) अनुसूचित जाति आदेश, 1968.
- संविधान (गोवा, दमन एवं दीव) अनुसूचित जनजाति आदेश, 1968.
